# झारखण्ड विधान सभा

## ध्यानाकर्षण सूचना

**पंचम् झारखण्ड विधान–सभा**
**एकादश (बजट) सत्र**

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण– सूचनायें झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य–संचालन के नियम– 147 के अन्तर्गत दिनांक– 15.03.2023 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी हैं :–

| क्र0सं0 | सदस्य का नाम | विषय | विभाग |
|---|---|---|---|
| 01. | 02. | 03. | 04. |
| 01– | श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा स0वि0स0<br>श्री कोचे मुण्डा स0वि0स0 | राज्य में यह देखने को मिल रहा है कि हाथियों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों पर जान लेवा हमला किये जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों की मौत हो जा रही है और साथ में ग्रामीण घायल भी हो रहे हैं। हाथियों के द्वारा किसानों के खेतों में खड़े फसल को बरबाद कर दिया जा रहा है। हाथियों के उत्पात के कारण क्षेत्र के लोगों में भय का आलम व्याप्त है। ग्रामीण शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाते हैं। हाथियों के झुंड खूँटी और राँची जिले से सटे वनों में विचरण कर रहे हैं। हाथियों के द्वारा प्रायः सटे राज्यों के लिए जिस रास्ते का प्रयोग किया जाता है, उन रास्तों को बन्द कर दिया गया है। साथ ही दूसरे राज्यों के द्वारा भी वन सिमा पर फेंसिग कर दिया गया है। अब तो हाथियों के झुंड शहरों में घुस जा रहे हैं। पिछले पाँच सालों में राज्य हाथियों के हमले से होने वाले मौतों में दूसरे नंबर पर है।<br>अतः उपर्युक्त विषय पर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों एवं हाथियों की रक्षा हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। | वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन |

| 01. | 02. | 03. | 04. |
|---|---|---|---|
| 02- | श्री प्रदीप यादव स0वि0स0 | हजारीबाग वन्यजीव अभ्यारण्य के चारो ओर 9 (नौ) कि0मी0 सीमा तक **"इको सेंसिटिव जोन"** घोषित करने के कारण 218 गाँवों के ग्रामीणों की आजिविका बुरी तरह प्रभावित हुई है, इको सेंसिटिव जोन की सीमा देश के किसी भी अभ्यारण्य के चारों तरफ **अधिकतम एक कि0मी0** ही रखा गया, ताकि वन्यप्राणी अभ्यारण्य एवं आमजनों की बीच **एक संतुलन** बना **रहे।**<br><br>अतः राज्य सरकार **पुनर्विचार करते** हुए **भारत सरकार के पर्यावरण एवं वन और जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय से सीमाओं के पुनः निर्धारण** हेतु **अनुरोध करे,** इस महत्वपूर्ण विषय पर मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ। | वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन |
| 03- | श्री राज सिन्हा स0वि0स0 | धनबाद जिले में कई चिकित्सा पदाधिकारी विगत 10 वर्षो से भी अधिक समय से एक ही स्थान पर पदस्थापित हैं, जो सरकार के नियम के विरुद्ध है। लंबे समय तक एक ही स्थान पर पदस्थापित रहने के कारण वर्णित चिकित्सा पदाधिकारी की मनमानी एवं उत्तरदायित्वहीनता से आमलोग बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं तथा जिले की पूरी चि.कित्सा व्यवस्था चरमरा गई है और जनता त्राहिमाम कर रही है। वेंटिलेटर कूड़ेदान में पड़े मिलते हैं तो प्रसुताओं को बरामदें में रखा जाता है। टीकाकरण में धनबाद पिछड़ रहा है, तो सदर अस्पताल की पैथोलॉजी रिपोर्ट गड़बड़ मिल रही है।<br><br>अतः लोक महत्व के इस बिन्दू पर सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए मांग करता हूँ कि जो भी चिकित्सा पदाधिकारी नियम विरुद्ध एक ही जिले में निर्धारित समय से अधिक समय से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं। | स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण |

| 01. | 02. | 03. | 04. |
|---|---|---|---|
| | | उन्हें तत्काल वहाँ से स्थानांतरित किया जाए एवं उनके कार्यकाल के क्रियाकलापों की जाँच एवं अविलंब नये चिकित्सा पदाधिकारी को पदस्थापित किया जाए। | |
| 04- | श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह स0वि0स0 | झारखण्ड राज्य में 75000 हजार से अधिक पद रिक्त हैं आने वाले दिनों में नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। राज्य के महिला सशक्तिकरण की दिशा में सशक्त कदम उठाया जाना आवश्यक है। ताकि महिलाएं आगे बढ़कर समाज में अपना मुख्य भूमिका निभा सके।<br>अतएव निजी क्षेत्र एवं सरकारी सभी नियुक्तियों में आरक्षित और गैर-आरक्षित कोटे के महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ हेतु नियमावली में प्रावधान करने के लिए सरकार का ध्यान आकृष्ट करती हूँ। | कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा |
| 05- | डॉ0 कुशवाहा शशिभूषण मेहता स0वि0स0 | पलामू जिला के पाँकी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत वर्ष- 2005 से 2019 तक जिला अनाबद्ध निधि तथा अन्य कई योजनाओं से पूरे विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत सैंकड़ों भवनों का निर्माण कराया गया है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के भवन-प्रखण्ड पाँकी के ग्राम बोरोदिरी, आसेहार, लोहरसी प्रखण्ड तरहसी के गोईन्दी, पाठक पगार तथा प्रखण्ड नीलाम्बर-पीताम्बर पुर के गोराडीह, गेठा, बाँसडीह में दो भवन का निर्माण कराया गया। शिक्षा विभाग के भवन-मनातु प्रखण्ड के स्तरोन्नत+2 उच्च विद्यालय, चक, तरहसी प्रखण्ड के+2 उच्च विद्यालय सिलदिलिया कला, नीलाम्बर-पीताम्बर पुर प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, एरुआ, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, चौरा, सतबरवा प्रखण्ड के ग्राम सोहड़ी में +2 उच्च विद्यालय। आदिवासी बच्चों के कल्याण हेतु अत्यंत महत्वाकांक्षी ''एकलव्य विद्यालय'' मनातू प्रखण्ड के बंशीखुर्द पंचायत के ग्राम बंशा में पिछले चार वर्षो से लंबित है। इसी तरह से कई सरकारी भवन का निर्माण सिर्फ ठेकेदारी करने के उद्देश्य से | ग्रामीण कार्य |

| 01. | 02. | 03. | 04. |
|---|---|---|---|
| | | कराया गया है। आज तक संबंधित विभागों को उपर्युक्त सभी भवनों को हस्तांतरित नहीं कराया गया है। जिसके कारण ये भवन आज तक बनते-बनते जर्जर हो गये हैं। वर्त्तमान में ग्रमीणों के द्वारा इन सरकारी भवनों में अपने मवेशियों को बांधा जाता है तथा असमाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है।<br>आश्चर्यजनक विषय यह है कि उपरोक्त अधिकांश भवनों का निर्माण अधिकतर भवनों का निर्माण ग्रामीण विकास (विशेष प्रमण्डल), पलामू के द्वारा कराया गया है। अधिकतर भवनों का निर्माण संवेदक मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्राक्शन्स एवं मेसर्स अनूप जयसवाल के द्वारा किया गया है।<br>अतएव मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहना चाहता हूँ कि, उपरोक्त भवनों के निर्माण में सरकार के राशि के दुरूपयोग के दोषी अभियंताओं एवं संवेदकों को चिन्हित कर पिछले 15 वर्षो के कार्यकाल की जाँच कराने की माँग करता हूँ। साथ ही सभी जर्जर भवन के निर्माण में जनहित की राशि के किये गए बंदरबाँट के दोषी संवेदकों एवं पदाधिकारियों से वसूल करने की माँग करता हूँ। | |

राँची,
दिनांक- 15 मार्च, 2023 ई०।

सैयद जावेद हैदर
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा,राँची।

ज्ञाप सं०-प्र०ध्या०-01/2023-1210/वि० स०, राँची, दिनांक- 14/03/23

प्रतिः- झारखण्ड विधान सभा के मा०सदस्यगण/ मा०मुख्यमंत्री/ एवं अन्य मंत्रिगण/ मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार, राँची/ माननीय राज्यपाल के प्रधान सचिव/ लोकायुक्त के आप्त सचिव/ महाधिवक्ता, उच्च न्यायालय, राँची/सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग/सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग/सचिव, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग एवं सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14.03.23
(रामअशीष यादव)
अवर सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

ज्ञाप सं०-प्र०ध्या०-01/2023-1210/वि० स०, राँची, दिनांक- 14/03/23

प्रतिः- आप्त सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय एवं आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः मा० अध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

14.03.23
अवर सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

सुभाष/-